आवश्यक सूचना

राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां में पढ़ने वाले BC/OBC वर्ग के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के पत्र क्रमांक KW17/42-2022 sch I दिनांक 07.08.2024 के अनुसार BC/OBC वर्ग के लिए PMS 2024–25 के लिए Scholarship के लिए ऑनलाइन आवेदन माँगे गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2024 है। छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी https://harchhatravratti.higheredulry.ac.in पर जाकर अपना आवेदन ऑनलाइन करने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज श्री अनिल कुमार, सहायक प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन (10:30 से 12:00 बजे) या श्री हरिश कुमार, सहायक प्राध्यापक, संस्कृत (09:00 से 09:45 बजे) को जमा करवा दें। देरी के लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

इस विषय में अधिक जानकारी के लिए श्री सीताराम, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र से संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यक दिशा–निर्देश

1. ऑनलाइन आवेदन करने के बाद फॉर्म का प्रिंट, दसवीं, बारहवीं की डीएमसी, आधार कार्ड, बैंक खाते से आधार लिंक का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, हरियाणा रिहायशी प्रमाण–पत्र, फीस चालान की कॉपी, आय प्रमाण–पत्र, उपस्थिति प्रमाण–पत्र, परिवार पहचान पत्र की स्वयं सत्यापित कॉपी जमा करवानी है।
2. आय प्रमाण–पत्र ढाई लाख (2.5 लाख) से अधिक का नहीं होना चाहिए।
3. बैंक खाता खुद का तथा आधार से लिंक होना चाहिए।
4. आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र (फैमली आईं डी) जरूरी है। सारी सूचना इसी से भरी जाएगी। यदि परिवार पहचान पत्र में खुद का नाम, पिता का नाम या माता का नाम या जन्मतिथि, दसवीं की डीएमसी के अनुसार नहीं है तो उसे ठीक करवाने के बाद ही फॉर्म भरें।
5. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का आय प्रमाण–पत्र छह महीने से पुराना नहीं होना चाहिए।
6. जिन विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष कॉलेज से छात्रवृत्ति के लिए फॉर्म भरा है, उनको नया आय प्रमाण–पत्र बनवाने की जरूरत नहीं है, पिछला आय प्रमाण–पत्र मान्य रहेगा।
7. फॉर्म भरते समय दाखिला तारीख वही भरनी है, जिस दिन वर्तमान कक्षा में फीस भरी है। यह तारीख फीस चालान पर दी होती है।
8. बीपीएल कार्ड की कॉपी (यदि लागू है तो)
9. यदि पिता की मृत्यु हो चुकी है तो मृत्यु प्रमाण–पत्र ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करना है व दस्तावेजों के साथ जमा करवाना है।
10. पिछली कक्षा की डीएमसी या रिजल्ट की कॉपी जमा करवानी है।
11. फॉर्म भरते समय माँगी गई जानकारी सही भरें, वरना फॉर्म रिजेक्ट हो सकता है।

22/08/24

Principal प्राचार्य
Govt. College, Bhattu Kalan राजकीय महाविद्यालय
Distt. Fatehabad (Hry.) भट्टू कलां